गद्यांश

प्रश्न १. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर दे।

एक समय की बात है । एक गाँव में एक किसान अपने चार बेटों के साथ रहता था। वह बहुत दुखी था क्योंकि उसके चारों बेटे आपस में लड़ते रहते थे। एक दिन किसान बहुत बिमार हो गया। उसने अपने चारों बेटों को बुलाकर एक-एक लकड़ी लाने को कहा। जब वे चारों लकड़ी ले आए तो उसने उन चारों लकड़ियो को एक साथ बाँधकर गट्ठर बना दिया। सभी हैरान थे। तभी किसान ने बारी-बारी सभी को गट्ठर को तोड़ने के लिए कहा, परंतु भी उसे तोड़ न पाया। अब किसान ने सभी को अलग कर दिया और वे आसानी से टूट गई।

प्रश्न १) किसान के कितने बेटे थे?

प्रश्न २) उसने चारों बेटों को क्या लाने को कहा?

प्रश्न ३) सही उत्तर पर (✓) और गलत पर (×) का निशान लगाएँ ।

i. अलग होने पर भी लकड़ियाँ नहीं टूटी।
ii. किसान के बेटे आपस में लड़ते रहते थे।

प्रश्न ४) गद्यांश के आधार पर सही शब्द चुनकर रिक्तस्थान भरो

i. एक दिन किसान बहुत __________ हो गया ।
ii. किसान ने बारी-बारी सभी को __________ को तोड़ने के लिए कहा।